विदर्भ में लगभग 1.67 करोड़ की नकली खाद, बीज और कीटनाशक जब्त, 15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

नागपुर सहित पूरे विदर्भ में मानसून की पहली बारिश के बाद किसानों ने बीज अपने खेतों में बुवाई के लिए बिज खरीदी शुरू कर दी है। इस बीज कपास के बीजों की कालाबाजारी का बड़ा खुलासा सामने आने से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। नागपुर सहित पूरे विदर्भ में कपास की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। कृषि विभाग ने पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की नकली बीज, कृषि सामग्री जब्त की है। नागपुर, चंद्रपुर इन क्षेत्रों से नकली बीज बेचने वाले गिरोह कृषि विभाग और पुलिस के हाथ चढ़े हैं। आरोपियों से 76 क्विंटल नकली बीज सहित 1 करोड़ 67 लाख का माल जब्त किया गया है।

नकली बीज बेचने वाले लगभग 15 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज कर गिरफ्तारी भी की गई है। विदर्भ के अलग-अलग जिलों के लगभग 70 गोदाम की जांच की गई है। यहां से लगभग 150 नमूनों की जांच जारी है। किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज, कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य भर में कार्रवाई शुरू की गई है। लगभग 12 से ज्यादा स्थानों पर पुलिस ने कृषि विभाग के साथ मिलकर रेड की है।

तेलंगाना-गुजरात से आ रहा नकली बीज

कृषि विभाग ने बॉर्डर एरिया पर निगरानी काफी ज्यादा बढ़ा दी है। बॉर्डर एरिया पर कृषि अधिकारी अपने कर्मचारियों के साथ तैनात रह रहे हैं। अधिकांश जो बीज नकली आ रहे हैं वह तेलंगाना और गुजरात से महाराष्ट्र में पहुंच रहे हैं। गुजरात एवं तेलंगाना के बॉर्डर पर कृषि विभाग ने विशेष नजर रखी हुई है। यह जानने की कोशिश की जा रही है इतनी बड़ी सख्ती के बावजूद नकली बीज महाराष्ट्र में कैसे पहुंच रहे हैं।

Source: https://www.indiatv.in/maharashtra/fake-fertilizers-seeds-and-pesticides-worth-about-1-crore-67-lakh-seized-in-vidarbha-case-registered-against-15-people-2024-06-27-1055930